# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे शुरू, सफर आसान

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया उद्घाटन



**सिद्धार्थ कलहंस**
लखनऊ 20 जून

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे शुक्रवार को चालू हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका उद्घाटन किया। इसी के साथ दिल्ली और नेपाल के बीच की दूरी और पहुंचने में लगने वाला समय कम हो गया है। यह एक्सप्रेसवे शुरू होने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी काफी लाभ होगा।

एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लोगों का नेपाल आना-जाना आसान हो जाएगा और यात्रा का समय काफी घट जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उत्तर प्रदेश का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण एक्सप्रेसवे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पहुंच गया है, जहां से यात्रियों को वाया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, आगरा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे नई दिल्ली तक की यात्रा बेहद सुखद हो जाएगी। कुल 7283.28 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 91किलोमीटर लंबा फोरलेन लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ तक फैला है और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब100किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह भारत-नेपाल व्यापार को गति देगा, क्योंकि नेपाल अपनी आयात आवश्यकताओं के लिए भारत पर निर्भर है।

आगे चलकर यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, जो नेपाल सीमा के और करीब होगा, इस मार्ग के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापार और कनेक्टिविटी के साथ ही सामरिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर सफर से समय की भी बचत होगी। गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लखनऊ जाने में सिर्फ तीन घंटे लगेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक्सप्रेसवे निवेश के आधार बन रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए गोरखपुर के दक्षिणांचल में औद्योगिक विकास की नई नींव पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गीडा में पिछले आठ सालों में 15000 करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतरे जिससे 40हजार स्थानीय नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद इस साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात मिल जाएगी। इन एक्सप्रेसवे पर हर जिले में औद्योगिक क्लस्टर विकसित किया जा रहे हैं। इन औद्योगिक क्लस्टर में उद्योग लगेंगे, एमएसएमई की इकाइयां स्थापित होंगी, मत्स्य और कृषि गतिविधियां आगे बढ़ेंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सड़क, रेल और हवाई संपर्क में सबसे आगे है। यही नहीं, 2017 के पहले दो एयरपोर्ट वाले इस राज्य में आज 16 एयरपोर्ट हैं। चार इंटरनैशनल एयरपोर्ट चालू हैं और देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा के जेवर में बन रहा है।

### विशेषताएं

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे,आगरा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे से दिल्ली की यात्रा होगी आसान
- गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लखनऊ तक जाने में सिर्फ तीन घंटे लगेंगे
- कुल 7283.28 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 91किलोमीटर लंबा फोरलेन लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ तक फैला